दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 32
मुरादाबाद
23 May 2025
(Friday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी ने 18 स्टेशनों का किया लोकार्पण, अमृत स्टेशन योजना के तहत हुआ कायाकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 164 करोड़ रुपए की लागत से गुजरात के पुनर्विकसित हो चुके 18 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अमृत स्टेशन योजना अंतर्गत नवीनीकृत हुए लींबडी रेलवे स्टेशन के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित रहे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण तथा उनके विजन के संकल्प के फलस्वरूप देश को अमृत स्टेशन योजना की भेंट मिली है। इस योजना अंतर्गत देश के 1300 से अधिक स्टेशनों का



कायाकल्प कर उनका पुनर्विकास किया जा रहा है। गुजरात के 87 स्टेशनों का भी 6303 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिकीकरण हो रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 164 करोड़ रुपए की लागत से गुजरात के पुनर्विकसित हो चुके 18 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अमृत स्टेशन योजना अंतर्गत नवीनीकृत हुए लींबडी रेलवे स्टेशन के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल लोकार्पण किया

सीएम पटेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश का सेवा दायित्व संभाला है, तब से सेना से लेकर आम आदमी तक की सुविधा, सज्जता एवं स्वास्थ्य सुविधा के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने विशिष्ट विजन तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ रेलवे के कायाकल्प, स्टेशनों के आधुनिकीकरण एवं यात्री सुविधा के नूतन आयाम शुरू किए हैं। अमृत स्टेशन योजना अंतर्गत गुजरात के जिन 18 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य पूरा हुआ है और जिनका प्रधानमंत्री ने वर्चुअल लोकार्पण किया है;

उनमें शिहोर जंक्शन, उतराण, डाकोर, डेरोल, हापा, जामजोधपुर, जामवंथली, कानालुस जंक्शन, करमसद, कोसंबा जंक्शन, लींबडी, महुवा, मीठापुर, मोरबी, ओखा, पालीताणा, राजूला जंक्शन तथा सामख्याळी स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस अवसर पर स्पष्ट रूप से कहा कि प्रधानमंत्री ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि यदि लोगों की अच्छी सेवा करने की इच्छा शक्ति और विकास की राजनीति की प्रतिबद्धता हो, तो सुशासन द्वारा रेलवे सेवाओं में कैसे क्रांतिकारी परिवर्तन लाए जा सकते हैं।गुजरात में 97 प्रतिशत रेलवे रूट विद्युतीकृत हो चुके हैं इस संदर्भ में पटेल ने गुजरात को रेलवे सेवाओं एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर की मिली सौगातों का विवरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के दिशादर्शन में 2014 से अब तक राज्य में 3144 किलोमीटर रेलवे लाइन का विद्युतीकरण हुआ है। इसके साथ; गुजरात में 97 प्रतिशत रेलवे रूट विद्युतीकृत हो चुके हैं। इतना ही नहीं; 2025-26 में रेलवे बजट में गुजरात के लिए 17,155 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आवंटन पूर्व के वर्ष 2009 से 2014 के कालखंड में आवंटित किए गए बजट से औसत 29 गुना अधिक है। भूपेंद्र पटेल ने देश में प्रधानमंत्री के विजन से वंदे भारत ट्रेनों के स्थापित हुए नेटवर्क में गुजरात को चार वंदे भारत ट्रेनों की भेंट मिलने का उल्लेख करते हुए जोड़ा कि विश्व के अग्रणी पर्यटन स्थल स्टैच्यू ऑफ यूनिटी-एकतानगर तक देश-दुनिया के यात्री आसानी से पहुँच सकें; इसके लिए रेलवे सेवाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गुजरात के 18 स्टेशनों का पुनर्विकास के बाद प्रधानमंत्री द्वारा हुआ लोकार्पण राज्य में रेलवे सुविधाओं तथा यात्री सुविधाओं को अधिक सुगम बनाएगा। समारोह में उपस्थित सुरेन्द्रनगर के सांसद श्री चंदूभाई शिहोरा ने प्रासंगिक संबोधन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशादर्शन में अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना अंतर्गत पुराने रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है। रेलवे में भी अलग-अलग आधुनिक सुविधाएँ एवं नवीन टेक्नोलॉजी से युक्त ट्रेनें विकसित की जा रही हैं। वंदे भारत ट्रेनें इसका उत्तम उदाहरण हैं। देश में सबसे अधिक यात्रा रेलवे द्वारा होती है, तब लोगों को यात्रा के दौरान असुविधा न हो; इसका सरकार द्वारा ध्यान रखा जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने राजस्थान के बीकानेर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत पुनर्विकसित 103 रेलवे स्टेशनों के लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रुचिपूर्वक देखा। मुख्यमंत्री ने लींबडी रेलवे स्टेशन में विकसित अत्याधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण कर स्टेशन के विषय में जानकारी भी प्राप्त की। इस समारोह में उप मुख्य सचेतक जगदीशभाई मकवाणा, विधायक पी. के. परमार, प्रकाशभाई वरमोरा, हितेन्द्रसिंह चौहाण, दिलीपभाई पटेल, शंकरभाई दलवाडी, बाबाभाई भरवाड, पदाधिकारी, जिला कलेक्टर डॉ. राजेन्द्र पटेल, जिला विकास अधिकारी के. एस. याज्ञिक, पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ. गिरीश पंड्या, मंडल रेल प्रबंधक वीश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के साथ आए, सर्वदलीय प्रति निधिमंडल की रवानगी पर बोला विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने साप्ताहिक ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर, भारत पाकिस्तान तनाव समेत तमाम मुद्दों पर जानकारी दी। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं।विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी समेत तमाम मुद्दों पर जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प को दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आए।उन्होंने कहा कि हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। उसके कार्यों को उजागर करने की आवश्यकता है। उसे भारत के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसलिए सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं। तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं। यह एक राजनीतिक मिशन है। चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता पर उन्होंने कहा कि हमने कुछ रिपोर्ट देखी हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य बोले- भाजपा का राष्ट्रवाद एक छलावा, ये देश बेच रहे... जनता के दुश्मन हैं



संविधान सम्मान एवं जनहित हुंकार यात्रा के साथ श्रावस्ती पहुंचे स्वामी प्रसाद मौर्य ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का राष्ट्रवाद एक छलावा है। ये लोग देश बेच रहे हैं। जनता के दुश्मन हैं। भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने अपनी-अपनी साख बचाने के लिए युद्ध विराम कर लिया। यूपी के श्रावस्ती में गुरुवार को अपनी जनता पार्टी की संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा पहुंची। यात्रा के साथ पार्टी अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य भी पहुंचे। यहां कटरा में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरा। यह यात्रा 15 मार्च से सामाजिक परिवर्तन आंदोलन के महानायक कांशीराम की जन्म जयंती पर निकाली जा रही है। कटरा में वार्ता में स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश में अपनी गिरती साख को बचाने के लिए भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कुश्ती लड़ रहे थे। दिखावे के बाद जनता की इच्छा के विरुद्ध 24 घंटे के अंदर युद्ध विराम की घोषणा कर दी। जातीय जनगणना के सवाल पर कहा कि जातीय जनगणना ही हमारी यात्रा की प्रमुख मांग है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने घोषणा तो कर दी है, लेकिन इनके चाल, चरित्र व चेहरे से नहीं लगता कि यह कुछ करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बिहार चुनाव की वैतरणी पार करने के लिए यह घोषणा कर दी है। जब तक व्यावहारिक जामा नहीं दिया जाता, तब तक हमें शक है कि जातीय जनगणना कराएंगे। मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम के सेना पर दिए बयान पर कहा कि भाजपा की सोच बहुत घटिया है। सेना व सैनिक अपनी जान हथेली पर रखकर सीमा की सुरक्षा करते हैं, तब 140 करोड़ लोग चैन की नींद सोते हैं। भाजपा के तमाम नेता कुछ भी बयान देते रहते हैं। इनका राष्ट्रवाद स्वाभाविक रूप से छलावा व दिखावा है। भिनगा के लिए रवाना हुई संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा मौर्य ने कहा कि यह देशद्रोही हैं,

देश बेच रहे हैं। यह जनता के दुश्मन हैं। यदि राष्ट्रवादी होते तो सेना का सम्मान करते। बयान देने वालों पर कार्रवाई न करना भाजपा की सहमति जताती है। दरगाह मेले पर रोक के सवाल पर कहा कि इसे यथावत चलने देना चाहिए था। यदि सरकार रोक लगाती है तो वह जातीय व धार्मिक कुंठा से ग्रसित हैं। संविधान विरोधी कार्य कर रही है। इनके इस कृत्य को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसके बाद संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा भिनगा के लिए रवाना हो गई।

## अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस: सीएम योगी बोले- विकास का ऐसा मॉडल अपनाएं जो आत्मघाती न हो

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रकृति और पुरुष का समन्वित रूप ही पर्यावरण है। जैव विविधता दिवस के आयोजन का उद्देश्य यही है कि प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए।अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जैव विविधता के महत्व को भारत से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता। किसी सनातन परिवार में मांगलिक कार्य की शुरुआत शांति पाठ से होती है। ये अपने लिए नहीं होता बल्कि पूरे संसार के कल्याण की कामना के साथ मांगलिक कार्य शुरू होता है। ये वेद की सूक्ति के साथ शुरू होता है। अगर मनुष्य को जीवित रहना है तो संसार के बारे में सोंचना होगा। वेदों में कहा गया है कि धरती हमारी



माता है और हम इसके बेटे हैं। मुख्यमंत्री लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि जैव विविधता दिवस के आयोजन का उद्देश्य यही है कि प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए। हमें विकास का ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जो कि आत्मघाती न हो। प्रकृति और पुरुष का समन्वित रूप ही पर्यावरण है। प्राचीन काल में हर गांव में खलिहान की भूमि होती थी। लोग खेत में आग नहीं लगाते थे। पराली में आग नहीं लगाते थे। गांव में खाद का खड्डु होता था। कंपोस्ट के रूप में उसका इस्तेमाल होता था। हर गांव में तालाब था। उसे गंदा नहीं करते थे। सुविधा के साथ खड्डु, खलिहान और गोचर जमीन पर कब्जा हो गया। तालाब के पानी को गंदा कर दिया गया। आज इंसेफेलाइटिस जैसे बीमारी हो गई। अपने लिए हमने बीमारी बुला ली।उन्होंने कहा कि क्या हर काम के लिए सरकार पर ही निर्भर रहना चाहिए। पहले कोई व्यक्ति गांव की जमीन पर कब्जा नहीं करते थे। लोग प्रकृति की आराधना करते थे। ऋषि परम्परा में पीपल, बरगद, नीम और आम आदि में ईश्वर का वास बता दिया ताकि हम संरक्षण कर सकें। पहला ग्रास गाय और अंतिम ग्रास कुत्ते का निकाला जाता था। पहले घर में चींटी निकलती थी आता और चीनी डाल देते थे। चींटी चली जाती। आज स्प्रे छिड़क देते हैं। आज हमने विकास के नाम पर अपने लिए समस्या खड़ी कर दी है। आज हम ड्रेनेज और औद्योगिक कचरे को सीटीपी में ले जाना चाहते हैं जबकि सामान्य ड्रेनेज के लिए सीटीपी की जरूरत नहीं है। मुझे कभी-कभी जीवों के अचानक बदले व्यवहार को देखकर आश्चर्य होता है। जंगली जानवर अचानक हिंसक नहीं होता। उसके कारणों को जानना होगा। 210 करोड़ पौधे लगाकर हमने वन दायरा बढ़ाने की पहल की है।पृथ्वी केवल मनुष्यों के रहने के लिए नहीं है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमामि गंगे के परिणाम कानपुर में देखिए।

रामायण का पहला बलिदानी जटायु है। जटायु के लिए संरक्षण केंद्र बनाने पड़ रहे हैं। आज केमिकल की वजह से जटायु अस्तित्व को जूझ रहा है। पता नहीं किसने देसी आम और जामुन के पेड़ काटने के आदेश से दिए। ये पृथ्वी केवल मनुष्य के लिए नहीं है। हमें रहना है तो पर्यावरण, नदी, पेड़, जीव जंतुओं के बारे में सोचना होगा। इसमें सरकार, पर्यावरणविद और आम लोगों को जोड़ने से सार्थक परिणाम सामने आएंगे। पर्यावरण बोर्ड इसमें काम कर रहा है।

संपादकीय Editorial

# Budget of strategic challenges

Pakistan is not the only strategic and terrorist problem for India. China is also a similar challenge. Of course, India and China are engaged in improving mutual relations. The armies of both the countries have withdrawn from the war zone of Ladakh Line of Actual Control. In view of the American tariff pressure, China is in favor of increasing trade with India, but China has been a country that silently stabs in the back. In the recent military conflict with Pakistan, China gave it air defense systems, missiles, drones and soldiers also fought in the masks and uniforms of the Pakistani army. Pakistan is an eternal challenge for us. The possibility of war can arise at any time. However, Indian forces have destroyed Pakistan's strategic preparations. Its major airbases have been destroyed so much that it is impossible for any fighter plane to take off from there. The Pakistani government has made tenders public for the reconstruction of those airbases. Of course, it wants to be strategically prepared. The International Monetary Fund has set 11 conditions before releasing the loan installment to Pakistan, but none of them is such that it can prevent war and terrorism. Of course, the IMF has definitely raised questions about the budgetary expenditure on development. However, the problem is the immediate modernization of the Indian forces, for which an allocation of 26 percent additional capital has been announced in the defense budget. This financial help of Rs 50,000 crore is not enough. Of course, India's defense budget has increased to more than Rs 7.30 lakh crore, but it is still only 1.9 percent of the gross domestic product (GDP). In view of India's needs and strategic challenges, the defense budget should be more or less equal to or more than 2.5 percent of the GDP. Strategic preparations cannot be a 20-25 year project. The maximum part of the increase in the budget can be spent on purchasing expensive, foreign weapons and equipment, but India should immediately increase indigenous defense production. In view of that, it is very important to expand defence procurement by providing aggressive support and cooperation to private companies in the defence sector. The comparison should be made with China's defence preparations, not with Pakistan. Our Air Force has very aggressive and precise fighter planes, but their number of squadrons is 31, while the approved number is 42. Air strikes played a decisive role in the current India-Pakistan conflict. Although the armies kept fighting conventional battles on the LoC and the international border, the destruction of Pakistan was ensured by our fighter planes and precise missiles. The Brahmos missile set records, so today about 20 countries want to buy Brahmos missiles from us. The performance of S-400, indigenous platforms, anti-aircraft Samar and Akash missile systems etc. was amazing. We were successful in destroying enemy drones and missiles in the sky itself. These proved to be the most successful results of our defence research and development, but the government's investment and contracts should be increased even more. Fighter planes should not be limited to Rafale, Sukhoi, Mig, Mirage etc. We need to upgrade our AWACS system more. Pakistan also has fighter jets developed by China. Although Pakistan failed in the recent conflict, it has strategic preparation. Keep this in mind.

# Message of Indianness in military conflict, India told a lot to the country and the world through Operation Sindoor

The article Operation Sindoor describes the symbolic war during the military conflict between India and Pakistan. Operation Sindoor, whose name itself is symbolic, is a symbol of respect, security and purity in Indian culture. Prime Minister Modi described it as for the protection of religion where religion is a symbol of truth and justice. At the time of military conflict between India and Pakistan, a battle was also going on at another level. This battle was going on on the basis of symbolism, symbolism and morality. India also won this narrative war and also hoisted the flag of its moral superiority and soft power on the global stage. Symbols play an important role in war. War is not fought only with weapons, but also on the basis of various symbols - words, signs, thoughts and poems-stories or classical. These symbols are also tools of influence, power and legitimacy in war, which communicate the ideology and soft power of the concerned nation, provide legitimacy to military actions. Apart from instilling a sense of unity among people, they also evoke deep emotional reactions. India used symbols in this conflict both strategically and culturally. We also made a successful attempt to create an effective narrative by influencing public opinion at domestic and international level. In this context, the name Operation Sindoor itself has subtle symbolism and deep meaning. It was not just a military operation, but also a cultural, emotional and political signal. In Indian society, sindoor is a symbol of respect, security and purity for a married woman. The red color of 'sindoor' is also a symbol of valor, valor and sacrifice, a living example of which is the Indian Army. In the early days of Operation Sindoor, women officers came to the press conference in military uniform. They introduced the women power of the country. Prime Minister Modi said that India's action is not only strategic, but it is for the protection of Dharma in opposition to Adharma. Here Dharma does not mean any religion or sect. Here, Dharma means truth and justice, while Adharma means the demonic terrorist forces standing in favour of untruth and injustice, i.e. the Pakistani army. In this context, the verse of the Gita 'Yada Yada Hi Dharmasya...' was also mentioned. In the midst of the military confrontation, the Prime Minister also remembered Lord Buddha. Buddha is another symbol of peace. While Modi said that this is not the time for war, he also clarified that this is not the time for terrorism either. He also underlined that the path to peace is paved only through power. India neither wants war nor is afraid of war. It wants peace, but it is fully determined to protect its borders and citizens. Another classical symbol to maintain the morale of the public and soldiers during the war and to justify its action was the 'Shiv Tandava Stotra', which was recited during the briefing of Operation Sindoor. It was a symbol of the bravery and sacred support of the army, which linked the military actions to India's great cultural and spiritual heritage. For the Indian Army, 'Shiv Tandav Stotra' is like a war song beyond pure religiosity, which is also a source of strength, courage and morality. This stotra also represents the Indian vision of destruction of the oppressor and welfare of the world, which is the message of Shiva's Tandava dance. Language, words and literature also have their own symbolic importance, which plays an influential role in communication and narrative. While justifying Operation Sindoor, Defense Minister Rajnath Singh quoted a couplet by Tulsidas - 'Jin mohi mara, tin mohi maare.' That is, we killed only those terrorists, who killed our innocents. In the press briefing of the army, the mention of Ramdhari Singh Dinkar's lines 'Hit-vachan nahi tune maana, maitri ka mulya na pehchaana. Yachna nahi, ab raan hoga, jeevan-jay or ki maran hoga' also created a miraculous effect. Air Marshal AK Bharti further clarified this effect by saying that 'bhay bin hoy na preeti' means that without punishment and fear, the wicked do not understand. This message was for the Pakistani army as well as the world community. PM Modi's quote of Guru Gobind Singh's line 'Sava lakh te ek ladaun' for the bravery of the Indian army was also to instill enthusiasm in the army. The names of our strategic equipment are also symbols of truth and justice. In our defense system that foiled Pakistani attacks on India, S-400 is also called Sudarshan. Sudarshan Chakra is the divine weapon of Lord Vishnu, which he used to protect Dharma i.e. truth and justice and to destroy Adharma i.e. falsehood and injustice. Similarly, the Brahmos missile that destroyed Pakistani terrorist and military bases is a symbol of Brahmastra described in our scriptures. On the other hand, the missiles of the Pakistani army are named after barbaric robbers, invaders and people with Jihadi mindset like Babar, Ghazni, Gori etc. This only underlines the jihadi, fanatical ideology of the Pakistani army-government. It is clear that India not only proved its military superiority over Pakistan, but also gave the message to the world through its cultural symbols that India is a global symbol of power and peace and no one should have any doubt about it.

# International Monetary Fund has become a joke, institutions like WTO are losing relevance

Voices have been raised many times for reforms in major international organizations like United Nations, World Bank, IMF and World Trade Organization (WTO) because they are losing their relevance in the changing environment. The real dedication of World Bank, IMF and WTO towards their objectives has been doubtful for a long time. During the recent military conflict between India and Pakistan, the Executive Board of International Monetary Fund (IMF) gave a new loan of 1.4 billion dollars to Pakistan despite strong opposition from India. Along with this, it also approved the first review of the assistance of about 60 thousand crore rupees under the Extended Fund Facility (EFF). Due to this, Pakistan will get about 8,542 crore rupees of the next installment. In the IMF board meeting, India had expressed concern over the amount being given to Pakistan and said that it can misuse this fund for terrorist purposes. This decision of the IMF amid a military confrontation with India tarnishes the reputation of funding agencies and donors and makes a mockery of global values. This is also in sharp contrast to the IMF's decision to stop its annual consultations with Russia after its invasion of Ukraine in February 2022. Sadly, this time it could not even do that much. Voices have been raised many times for reform in major international organizations like the United Nations, World Bank, IMF and World Trade Organization (WTO), as they are losing their relevance in the changing environment. The real dedication of the World Bank, IMF and WTO to their objectives has long been questionable. Due to the Russia-Ukraine and Israel-Hamas wars as well as growing global problems, an organization like the United Nations has also failed in its objectives. There is a growing feeling in the world that the United Nations as an organization is becoming increasingly ineffective. The IMF was established in 1944 at the Bretton Woods Conference with good intentions. Today its member countries number 191. In the last few years, the IMF has not been able to do justice to its role. The IMF also completely failed to monitor and assess the 2008 financial crisis, while such apprehensions had increased just a few days before the collapse of Lehman Brothers. The IMF has rarely shown an optimistic attitude about the global economy's ability to deal with any crisis. Pakistan has taken help from the IMF 28 times in 35 years. If Pakistan had used the earlier loan properly, it would not have needed help again and again. Therefore, giving a new loan now raises questions about the intention of the IMF as well as its monitoring. Certainly, the risk of misuse of new loans is high. Pakistan is at number four among the big debtor countries of the IMF, from which it has taken a loan of $ 8.3 billion. The 2021 report of the United Nations clearly indicates that despite the elected government in Pakistan, the army has complete interference in its functioning. The army also influences the economic policies along with many other policies there. If Pakistan had used the IMF aid for development work, then Pakistan would not have been ranked 168th among 193 countries in the Human Development Index. At present, every child in Pakistan is born with a debt of about 85 thousand rupees on his head. Everything in Pakistan, from expenses like salary and subsidy to the import bill of oil and gas, is running on debt. Pakistan's public debt has become 69.4 percent of its GDP. The objective of the IMF was to keep all the currencies of the world stable and facilitate free trade, but unfortunately for the last several years, the IMF has not been able to fulfill these objectives. It also lacks accountability for wrong projects. The regular practice of the IMF to give new loans to prevent default by debt-ridden countries creates a moral hazard. That is why there is a need to keep a close watch on the IMF system and make radical changes in it. The World Bank and the IMF should also restructure internal justice, accountability and monitoring functions. It is also necessary to bring more transparency in board meetings and voting. In a world grappling with globalization and new methods of conflict resolution, questions are constantly being raised on the role of these organizations. Most organizations are proving unsuccessful in their objectives. If they cannot be abolished, then comprehensive reforms must be done in them. This is the right time to start reforming the methods of funding the IMF. Along with this, the effectiveness of bailout programs will also have to be reviewed. During the G20 meeting chaired by India in 2023, there was talk of reform in other multilateral institutions including the IMF. The world will have to think about how the financial and intellectual capital invested in international institutions like the United Nations, IMF, World Bank etc. can be better utilized in democracies around the world. Today, democratic countries around the world need their transparent work more than ever.

# जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

जनपद में संचालित सरकारी एवं निजी अस्पतालों में जैव चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबन्धन को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त रवैया अपनाते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित अधिकारियों



को निर्देशित किया कि मुरादाबाद शहरी क्षेत्र में नगर निगम के अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों, स्थानीय नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में संबंधित उपजिलाधिकारी का सहयोग प्राप्त करते हुए व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर अस्पतालों में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए निर्धारित मानकों को सख्ती से लागू कराएं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में 506 सरकारी एवं निजी अस्पताल संचालित है, जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अस्पतालों का औचक निरीक्षण हो और जिन अस्पतालों में कमियां चिन्हित हों, उनके संचालक को अनिवार्य रुप से नोटिस जारी किया जाये साथ ही नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान जहां विभिन्न प्रकार के कचरे को अलग-अलग करके अर्थात सेग्रीगेट करके नहीं रखा जाता है, उन प्रतिष्ठानों से कूड़ा कलेक्शन नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने एडीएम प्रशासन को इस संबंध में निर्देश जारी करने के लिए कहा। आरिल नदी के जीर्णोद्धार के लिए कराए जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आरिल नदी बेसिन के आसपास के तालाबों को चिन्हित करके उन्हें मूल स्वरुप में लाने हेतु अभियान चलाकर इस चिन्हित तालाबों की खुदाई होनी चाहिए, इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र कार्ययोजना तैयार करके जिला स्तरीय अधिकारियों की देखरेख में तालाबों की खुदाई का कार्य कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि छोटी नदियों में उनके बेसिन के आसपास स्थित तालाबों में बरसात के दौरान जलस्तर बढ़ने के बाद इन नदियों में पानी की आपूर्ति होती है, इसलिए नदी के जीर्णोद्धार के साथ ही नदी के आसपास के तालाबों का जीर्णोद्धार भी जरुरी है। जिले में जुलाई माह में 21.5 लाख वृक्षारोपण होना है, इसके लिए विभागवार तैयारियों की भी जिलाधिकारी ने समीक्षा की तथा कहा कि प्रत्येक विभाग आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष समयबद्ध तरीके से गड्ढा खुदान एवं अन्य जरुरी तैयारियां पूर्ण कर लें ताकि शासन स्तर से वृक्षारोपण के लिए निर्धारित तिथियों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण एवं क्रिटिकली प्रदूषित औद्योगिक समूहों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के बारे में भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, संयुक्त आयुक्त उद्योग सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

## पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु कैम्प आयोजित किए जाएंगे

जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन दिनांक 18 मई 2025 के क्रम में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन/दिव्यांग उपकरण योजनान्तर्गत जनपद के विकास खण्डों की न्याय पंचायतों में दिनांक 23 मई 2025 से पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु कैम्प आयोजित किए जाएंगे। विकास खण्ड मुरादाबाद की न्याय पंचायत अगवानपुर, विकास खण्ड मूढापाण्डे की न्याय पंचायत अक्का डिलारी, विकास ठाकुरद्वारा की न्याय पंचायत नन्हूवाला, विकास खण्ड बिलारी की न्याय पंचायत बेरनी, विकास खण्ड भगतपुर की न्याय पंचायत भगतपुर टांडा, विकास खण्ड छजलैट की न्याय पंचायत मोढ़ी हजरतपुर, विकास डिलारी की न्याय पंचायत बहेड़ी ब्रहमनान तथा विकास खण्ड डींगरपुर की न्याय पंचायत महमूदपुर माफी में 23 मई 2025 को चौपाल लगाकर कैम्प आयोजित होंगे, जिसमें पात्र लाभार्थियों से अपेक्षा है कि आयोजित होने वाले कैम्पों में अपने आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक तथा पति का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं दिव्यांग प्रमाण इत्यादि के साथ-सथ आधार से लिंक मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से ऑनलाइन आवेदन कराने हेतु साथ अवश्य लायें। वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 60 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए, आय प्रमाण पत्र अर्थात् आवेदक की आय शहरी क्षेत्र में रु0 56460/- वार्षिक एवं ग्रामीण क्षेत्र में रु0 46080/- वार्षिक सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए तथा बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति अनिवार्य है। निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत आवेदिका के पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदिका का आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र जिसमें वार्षिक आय रुपये 200000/- की सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए तथा बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति अनिवार्य है। इसके साथ ही दिव्यांग पेंशन योजना के अन्तर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आवेदक की आय शहरी क्षेत्र में रुपये 56460/- वार्षिक एवं ग्रामीण क्षेत्र में रुपये 46080/- वार्षिक सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए तथा ग्राम सभा का प्रस्ताव तथा बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति उपलब्ध करायी जायेगी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण एवं मध्यान्ह् भोजन समिति की बैठक आयोजित

जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेड्ट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण एवं मध्यान्ह् भोजन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत आने वाले 19 पैरामीटरों के संतृप्तीकरण के संबंध में चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को उचित कार्यवाही कर संतृप्तीकरण में प्रगति संबंधित उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बालिकाओं और शिक्षकों की उपस्थिति को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को कस्तूरबा गांधी विद्यालय सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। मध्यान्ह् भोजन की स्थिति में भी सुधार विद्यालयों में रसोईयों की तैनाती शुरु दिए। बैठक में विद्यालयों के जर्जर भवनों आधार बनवाने संबंधित कार्यवाही, विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी, जिस कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में विद्यालय निरीक्षक श्री देवेन्द्र पाण्डे, जिला सीएमओ डा0 संजीव बेलवाल सहित अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय महिला अपने भ्रमण कार्यक्रमानुसार दिनांक 23 2025 को पूर्वान्ह् 11 बजे वन स्टाप अम्बेडकर पुलिस अकादमी कामकाजी प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी। अपर




में पढ़ने वाली बालिकाओं को पढ़ने की बेहतर इसके साथ ही बैठक में विद्यालयों में बनने वाले लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के अन्तर्गत करने हेतु उचित कार्यवाही करने के भी निर्देश के मूल्याकंन, ध्वस्तिकरण संबंधित, बच्चों का विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थित संबंधित इत्यादि पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को उचित मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विमलेश कुमार, डिप्टी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें। जिला प्रोबेशन आयोग की मा0 अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर मई 2025 को मुरादाबाद पधारेंगी। दिनांक 23 मई सेन्टर का भ्रमण करेंगी। इसके अतिरिक्त डा0 भीमराव महिला आधारित क्लस्टर दौरा कर केन्द्रीय निर्वाचन जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि उ0प्र0 चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) अधिनियम, 2017 की धारा-2 (क-2) में परिभाषित मनोरंजन की परिभाषा के अन्तर्गत आयोजित कार्यकमों (कोई प्रदर्शन, प्रस्तुतिकरण, आमोद, खेल, क्रीड़ा (घुड़दौड़ सहित), डायरेक्ट टू होम प्रसारण सेवाएं, केबिल सेवाएं, चलचित्र, डिजिटल प्रोजेक्शन सिस्टम और वीडियो के माध्यम से प्रदर्शन, जिसमें व्यक्तियों का प्रवेश भुगतान के माध्यम से किया जाता है, सम्मिलित हैं और चलचित्र तथा डिजीटल प्रोजेक्शन सिस्टम के माध्यम से प्रदर्शन के मामले में वृत्त चित्र के प्रदर्शन के पूर्व या उसके दौरान या पृथक रूप से समाचार-फिल्म, वृत्त चित्र, कार्टून, विज्ञापन, लघु फिल्म तथा स्लाइड्स सम्मिलित हैं। इसमें राज्य सरकार द्वारा समय- समय पर मनोरंजन के रूप में अधिसूचित कोई क्रियाकलाप भी सम्मिलित हैं।) को उक्त वर्णित अधिनियम की धारा-4क के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति प्राप्त किया जाना अपेक्षित है। जनपद में बिना जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति प्राप्त किये ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना वर्णित अधिनियम की धारा-8 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। जनपद के समस्त आमोद आयोजकों/संचालकों को सूचित किया जाता है कि ऐसे कार्यक्रम जो मनोरंजन की परिभाषा से आच्छादित है, कि पूर्वानुमति प्राप्त करने हेतु अग्निसुरक्षा, विद्युत सुरक्षा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी (पुलिस) तथा किसी मैकेनिकल इस्टॉलेशन के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत/यॉत्रिक खण्ड, लोक निर्माण विभाग मुरादाबाद की अनापत्ति प्राप्त कर विभागीय पोर्टल https://up-gst/com/entertainmentata&/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जाना सुनिश्चित करें। बिना जिला मजिस्ट्रेट पूर्वानुमति प्राप्त किये, वर्णित धारा के अन्तर्गत परिभाषित कोई भी मनोरंजक कार्यकम आयोजित न करे, अन्यथा आयोजक के विरूद्ध उपर्युक्त सुसंगत विधिक प्राविधानों के अन्तर्गत कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी। उप श्रमायुक्त ने बताया कि उ0प्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ के अन्तर्गत श्रम विभाग मुरादाबाद में निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया है। श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ विभिन्न योजनायें संचालित की जाती हैं। इन योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेत् पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सर्वप्रथम अपना पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र (सी0एस0सी0) के माध्यम से करा सकतें हैं। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग मुरादाबाद द्वारा समय समय पर तहसील दिवस, लेबर अड्डो एवं अन्य स्थानों पर लगाये जा रहें कैम्पों में भी वह अपने पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण करा सकतें हैं। नवीनीकरण न होने के कारण श्रमिक बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते है। यदि किसी भी निर्माण श्रमिक को अपने पंजीयन का नवीनीकरण कराये जाने पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह कार्यालय-उप श्रमायुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र, जिला पंचायत परिसर कोर्ट रोड पर सम्पर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकतें हैं।

## सिंगापुर कार्निवल से नगर निगम ने वसूला शुल्क, रामलीला मैदान में बिना अनुमति चल रहा था मेला

मुरादाबाद- मुरादाबाद के रामलीला मैदान में बिना अनुमति लगाए गए सिंगापुर थीम कार्निवल मेले को नगर निगम ने शिकायतों और नियम उल्लंघन के चलते सीज कर दिया। हादसे और अभद्रता की घटनाओं के बाद निगम ने कार्रवाई की, जिसके बाद आयोजकों ने तीन लाख रुपये शुल्क देकर अनुमति ली। नगर आयुक्त ने बिना अनुमति आयोजन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।मुरादाबाद के लाइनपार स्थित रामलीला मैदान में बिना अनुमति लगाए गए सिंगापुर थीम कार्निवल मेले पर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की। निगम ने बिना अनुमति चल रहा मेला रुकवा दिया। निगम की इस कार्रवाई से मेला संचालकों में हड़कंप मच गया। हालांकि, बाद में आयोजकों ने नियमानुसार अनुमति मांगी तो उनसे तीन लाख रुपये का शुल्क लेकर मेला लगाने की अनुमति प्रदान की गई। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से मेला संचालित किया जा रहा था। आयोजकों ने किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या निगम की स्वीकृति नहीं ली थी। स्थानीय लोगों की ओर से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रहीं थी। मेले में हाल ही में एक बच्चा झूले से गिरकर चोटिल हो गया था और उसका हाथ टूट गया था।अभिभावकों ने विरोध किया तो मेला संचालकों ने अभिभावकों के साथ भी अभद्रता की थी। इसके अलावा ट्रैफिक जाम से संबंधित शिकायतें भी निगम को प्राप्त हुईं थी। शिकायत के आधार पर नगर आयुक्त ने उप नगर आयुक्त रामपाल यादव के नेतृत्व में मौके पर टीम भेजी। टीम ने मेला स्थल पर पहुंच कर जांच की तो नियमों के उल्लंघन को देखते हुए मेले को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। निगम की कार्यवाही के बाद मेला आयोजकों ने औपचारिक रूप से नगर निगम से अनुमति प्राप्त करने का अनुरोध किया, जिसके बाद आयोजकों ने नियमानुसार समस्त दस्तावेज, स्थल योजना, सुरक्षा मानकों और शुल्क संबंधित प्रक्रियाएं पूरी कर अनुमति मांगी। इसके लिए आयोजकों ने तीन लाख रुपये का शुल्क भी जमा किया। इसके बाद निगम ने मेले की अनुमति प्रदान की। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा कि भविष्य में भी यदि कोई आयोजन बिना अनुमति के किया गया तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना, सीलिंग और अन्य कानूनी कदम भी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल के प्रभारी अविनाश गौतम, नईम हैदर, राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।




### संक्षिप्त समाचार

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने वाहनों में भैंस का मीट ले जाते पकड़ा, नोटिस जारी

मुरादाबाद- खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को छापेमारी के दौरान मुरादाबाद संभल मार्ग पर एक वाहन में लाद कर ले जाया जा रहा मीट पकड़ लिया। वाहन पर बकरियां लदी थीं लेकिन मीट भैंस का था। टीम ने फर्म



संचालक को अनियमितता पर नोटिस जारी किया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम चेकिंग अभियान में निकली थी। टीम ने मुरादाबाद संभल मार्ग पर डींगरपुर तिराहे पर मेसर्स इंडिया फ्रोजन फूड्स ग्रामबेगमपुर चिमयावली से आ रहे वाहन को रोक कर चेक किया। जबकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रजन सिंह ने बोलेरो पिकअप वाहन को रोका जो मेसर्स अल्मा ट्रेडर्स असालतपुरा मुरादाबाद का था। इसमें 500 किलोग्राम भैंस का मीट बंधा हुआ था लेकिन इसका कोई वैध कागज नहीं था। वाहन का एसी बंद था। मीट पर मक्खियां भिनभिना रहीं थीं। इसके अलावा एक अन्य वाहन पर लदा 1133 किलो मीट लदा पाया गया। उसके खिलाफ भी कार्रवाई के लिए नोटिस दिया गया।

## निलंबित डीपीआरओ को राहत...उच्च न्यायालय ने निलंबन के खिलाफ दिया स्टे

मुरादाबाद- याचिका समिति और उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने 8 मई को निलंबित हुए जिला पंचायत राज वाचस्पति झा को निलंबन आदेश विरुद्ध उच्च न्यायालय से स्टे मिल गया है। निलंबन के बाद उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। अब डीपीआरओ अब उच्च न्यायालय का आदेश शासन में जाएंगे।बुधवार को उच्च न्यायालय के वेबसाइट पर आठ मई को निलंबित हुए जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झां ने उच्च न्यायालय की शरण में गए थे। जहां उच्च न्यायालय ने उन्हें उनके निलंबन के विरुद्ध 17 मई स्टे दे दिया है। जो कि बुधवार को उच्च न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड हो गया। अब जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा को में स्टे लेकर जाना शासन में जाना होगा । जिसके बाद वह अपना कार्यभार दो बार कार्यभार ग्रहण कर सकेंगे। उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए 24 जुलाई तारीख तय की है। 24 जुलाई तक वह अपने पद पर बने रहेंगे।

## सीधा है लड़का, इसके साथ नहीं चल पाएगा..., शादी के चार दिन बाद दुल्हन ने लिया तलाक

